
मानसिक रोगियों का होगा इलाज

दो साल में बनकर तैयार होगा एनआईएमएचआर का भवन : प्रबोध सेठ

सीहोर. बैठक के बाद अफसरों से बातचीत करते संयुक्त सचिव।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

सीहोर. सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव प्रबोध सेठ ने शुक्रवार को सीहोर का दौरा किया। सीहोर में उन्होंने प्रस्तावित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास सेंटर के निर्माण को लेकर चर्चा की। उन्होंने बताया कि जल्द ही पुनर्वास सेंटर का निर्माण कार्य शुरू होगा। यह देश का पहला ऐसा संस्थान है जो लोगों के मानसिक ...

सशक्तिकरण सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की सचिव शकुन्तला डोले गामलिन ने किया शिलान्यास किया। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान का निर्माण हाइवे पर मॉडल स्कूल के पास बनाया जाएगा। इससे सीहोर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी। इस प्रोजेक्ट पर करीब 179.54 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसमें 128.54 करोड़ का गैर ...


जल्द शुरू होगा सीहोर में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास केंद्र, भवन दो साल में बनेगा

सीहोर | शुक्रवार को सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव प्रबोध सेठ ने की। सीहोर में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास केंद्र जल्दी ही शुरू होगा। बैठक में चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि यह देश का पहला ऐसा संस्थान है जो लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रित है। बैठक में बताया गया कि इस पुनर्वास केंद्र के निर्धारित स्थान पर भवन निर्माण में लगभग दो साल का समय लगेगा। तब तक जिला पंचायत के पुराने भवन में यह केंद्र संचालित किया जाएगा। बैठक में कलेक्टर अजय गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ अरुण विश्वकर्मा, अपर कलेक्टर विनोद कुमार चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


















## राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान, सीहोर, मध्य प्रदेश

**NATIONAL INSTITUTE OF MENTAL HEALTH REHABILITATION**
**SEHORE, MADHYA PRADESH**

अस्थाई कार्यालय : पुराना जिला पंचायत भवन, लूनिया चौराहा, सीहोर, मध्य प्रदेश
Temporary Office : Old District Panchayat Bhawan, Luniya Chauraha, Sehore, M.P.
Phone : 07562-223960, E-mail : nimhrsehore@gmail.com

# राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान सीहोर, मध्य प्रदेश

## NATIONAL INSTITUTE OF MENTAL HEALTH REHABILITATION SEHORE, MADHYA PRADESH

अस्थाई कार्यालय : पुराना जिला पंचायत भवन, लूनिया चौराहा, सीहोर, मध्य प्रदेश
Temporary Office : Old District Panchayat Bhawan, Luniya Chauraha, Sehore, M.P.
Phone : 07562-223960, E-mail : nimhrsehore@gmail.com

# NIMHR




View of Proposed Campus at Bhopal-Indore NH

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग / Department of Empowerment of Persons with Disabilities
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय / Ministry of Social Justice & Empowerment
भारत सरकार / Government of India

सत्यमेव जयते

दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की अनुसूची के अनुसार मानसिक रोग का अर्थ है विचार, मनोदशा, अनुभूति, अभिमुखता या स्मृति का पर्याप्त विकार जिससे अनुमान, व्यवहार, वास्तविकता का बोध या दैनिक जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति में घोर/ बहुत क्षीणता आती है, रूका हुआ या अधूरा मानसिक विकास जिसमें मूलत: बुद्धि की कमी पाई जाती है, ऐसी मानसिक मंदता का इसमें समावेश नहीं होता है अर्थात मानसिक रोग एवं मानसिक मंदता दोनों भिन्न है। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के दिव्यांगजन, सशक्तिकरण विभाग के तहत स्थापित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान (NIMHR), सीहोर के उद्देश्य निम्नलिखित है –

1. मानसिक रोगियों को पुनर्वास सेवाएं तथा मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास मानकों का विकास
2. मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास हेतु मानव संसाधन विकास
3. मानसिक स्वास्थ्य हेतु नीति निर्धारण और उन्नत अनुसंधान कार्य

## गतिविधियाँ

- मानसिक स्वास्थ्य एवं मानसिक रोगों हेतु जनचेतना तथा जनशिक्षण।
- मानसिक रोगों से प्रभावित व्यक्तियों एवं दिव्यांगजनों को समाज के मुख्यधारा में जोड़ना।
- मानसिक रोगियों की देखभाल एवं मानव संसाधन विकास।
- मानसिक रोग से प्रभावित दिव्यांगजनों का समुदाय (Community) आधारित पुनर्वास।

## सेवाएँ

- मनोवैज्ञानकि परीक्षण जैसे बुद्धि परीक्षण।
- व्यक्तित्व परीक्षण आदि।
- मनोविज्ञानिक चिकित्सा अथवा साइकोथैरेपी।
- मनोचिकित्सकीय उपचार।
- मनोचिकित्सकीय परिचर्या अथवा देखभाल।
- व्यावसायिक उपचार अथवा आक्यूपेशनल थैरेपी।

## पाठ्यक्रम

- **देखभालकर्ता प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (सी.सी.सी.जी.) – भारतीय पुनर्वास परिषद से मान्यता प्राप्त 2020-21 से –**
- **रोजगार प्रशिक्षण में डिप्लोमा (बौद्धिक दिव्यांगता)**
- **समुदाय आधारित पुनर्वास में डिप्लोमा**

Rights of Persons with Disabilities Act, 2016 has defined in its Schedule that "mental illness" means a substantial disorder of thinking, mood, perception, orientation or memory that grossly impairs judgment, behavior, capacity to recognize reality or ability to meet the ordinary demands of life, but does not include retardation which is a condition of arrested or incomplete development of mind of a person, specially characterized by sub normality of intelligence. It means that Mental Retardation and Mental illness are different entity. National Institute of Mental Health Rehabilitation (NIMHR), Sehore has following objectives –

1. Rehabilitation services for the Persons with Mental Illness and developing standards for mental health rehabilitation
2. Human resource development for mental health rehabilitation
3. Deciding on policies and doing advanced research on mental health rehabilitation

## Activities

- Public awareness and public education for mental health & illness.
- Main streaming of Persons with Mental Illness in the society.
- Human resource development for care giving to Persons with Mental Illness.
- Community Based Rehabilitation for Persons with Mental Illness.

## Services

- Psychological assessment like IQ testing.
- Personality assessment.
- Psychological intervention or Psychotherapy.
- Psychiatric treatment, Psychiatric nursing care.
- Occupational therapy.

## Course

- Certificate Course in Care Giving (CCCG) – Recognized by Rehabilitation Council of India From 2020-21-
- Diploma in Vocational Rehabilitation (Intellectual Disabilities)
- Diploma in Community Based Rehabilitation